# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी0आर0 60/2024

**बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा चयनित शिक्षकों अथवा अन्य सरकारी/नियोजित शिक्षकों का बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंजीनियरिंग (JEE) एवं मेडिकल (NEET) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु राज्य के नौ (09) प्रमण्डलों में संचालित की जाने वाली निःशुल्क शिक्षण के लिए चयन एवं प्रतिनियुक्ति के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य के 09 प्रमण्डलीय मुख्यालय जिलों में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित निःशुल्क गैर–आवासीय शिक्षण (Free Non-Residential Teaching) के तहत चयनित छात्र/छात्राओं के वर्ग 11वीं इंटरमीडिएट (विज्ञान) में उनके विषयवार निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र.सं. | जिला | शिक्षण संस्थान का नाम एवं पता |
|---|---|---|
| 1 | पटना | राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री नगर, पटना–800023 |
| 2 | मुजफ्फरपुर | बी० बी० कॉलेजिएट, मोतीझील, मुजफ्फरपुर–842001 |
| 3 | छपरा | विश्वेश्वर सेमिनरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, म्यूनिसिपल चौक, श्री नंदन पथ, छपरा–841301 |
| 4 | दरभंगा | जिला स्कूल (नाका नं० 06 के समीप), लहेरियासराय, दरभंगा–846003 |
| 5 | सहरसा | जिला स्कूल, समाहरणालय रोड (सदर अस्पताल के पूरब), सहरसा–852201 |
| 6 | पूर्णियाँ | जिला स्कूल, नियर भट्टा बाजार, पूर्णियाँ–854301 |
| 7 | भागलपुर | जगलाल उच्च विद्यालय, कंपनीबाग, पोस्ट–भागलपुर सिटी, भागलपुर–812002 |
| 8 | मुंगेर | जिला स्कूल, छोटी केलावाड़ी, मुंगेर–811201 |
| 9 | गया | हरिदास सेमिनरी +2 स्कूल, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप, थाना–सिविल लेन, पोस्ट–जी०पी०ओ०, गया–823001 |

2. इस निमित्त बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सरकारी +2 विद्यालयों के लिए **विषय–Mathematics (गणित), Physics (भौतिकी), Chemistry (रसायन शास्त्र) एवं Biology (जीव–विज्ञान) में** चयनित शिक्षकों अथवा अन्य सरकारी/नियोजित शिक्षकों से समिति द्वारा संचालित की जाने वाली इस निःशुल्क शिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त इन आवेदनों की Shortlisting के उपरांत साक्षात्कार के माध्यम से विषयवार शिक्षकों का चयन करते हुए उन्हें इस शिक्षण कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

3. इस कार्य हेतु इच्छुक शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार उपर्युक्त कंडिका–1 में वर्णित नौ प्रमण्डलों के जिला मुख्यालय में अंकित शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य के लिए अपना विकल्प दे सकते हैं। यह विकल्प (Option) एक या एक से अधिक प्रमण्डलीय जिला मुख्यालय के लिए दिया जा सकता है।

4. प्रस्तावित निःशुल्क शिक्षण कार्य के लिए विषयवार–Mathematics (गणित), Physics (भौतिकी), Chemistry (रसायन शास्त्र) एवं Biology (जीव–विज्ञान) के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर शिक्षकों की Shortlisting के पश्चात् उनका चयन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

5. **निःशुल्क शिक्षण कार्य के लिए चयनित शिक्षक को उनको भुगतेय कुल वेतन का 20 प्रतिशत अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन मानदेय के रूप में देय होगा।**

**6. ऑनलाईन आवेदन एवं चयन की प्रक्रिया**

(i) बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा चयनित शिक्षक अथवा अन्य सरकारी/नियोजित शिक्षक जो समिति द्वारा राज्य के 09 प्रमंडलीय मुख्यालय जिलों में संचालित शिक्षण कार्यक्रम में पढ़ाने के इच्छुक हैं, वे समिति की वेबसाईट **coaching.biharboardonline.com** पर **दिनांक 12.02.2024** से **22.02.2024** तक ऑनलाईन रूप से आवेदन करेंगे। ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया निम्नवत है :

| | |
|---|---|
| URL | **coaching.biharboardonline.com** |
| Step-01 | Home Page पर दिए गए लिंक Teacher For Free Non-Residential Teaching For Engineering (JEE)/Medical (NEET) पर Click करेंगे। |
| Step-02 | इसके बाद दिए गए पेज पर अपना वांछित विवरणी प्रविष्ट कर Submit करेंगे। |

(ii) ऑनलाईन आवेदन भरने के दरम्यान पूर्ण विवरण देते हुए शैक्षणिक योग्यता एवं इंटरमीडिएट (विज्ञान) से संबंधित किसी एक या एक से अधिक कोचिंग/संस्थान में अध्यापन का अनुभव का उल्लेख करना होगा।

(iii) इस प्रयोजन हेतु प्राप्त आवेदनों की Shortlisting **करने के उपरांत साक्षात्कार हेतु** संबंधित शिक्षकों **को दिनांक 24.02.2024 तक** उनके E-mail/Mobile पर सूचना उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके पश्चात् Shortlisted ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 29.02.2024 को** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना, सिन्हा लाईब्रेरी रोड, पटना–800017 में **पूर्वाह्न 11:00** बजे से लिया जाएगा।

सचिव

Scanned with CamScanner